दिन– बुधवार दिनांक– 25 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दूरगामी प्रभावों से निपटने के लिए सात सशक्त समूहों के गठन की घोषणा की।

02 राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले सतासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से दिन में सस्ती और शाम में महंगी बिजली मिलेगी।

03. राज्य सरकार ने हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों को आज शाम पांच बजे तक हर हाल में योगदान देने का दिया निर्देश।

04. और, प्रदेश में पहली बार मसूर की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी। सात हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दूरगामी प्रभावों से निपटने के लिए सात सशक्त समूहों के गठन की घोषणा की है। राज्यसभा में दिए वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने इस संकट से बचने के लिए राज्यों से केंद्र सरकार के साथ मिलकर टीम इंडिया के रूप में कार्य करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि सात सशक्त समूह युद्ध के परिणामों से निपटेंगे और ईंधन, उर्वरक, गैस, आपूर्ति श्रृंखला और मुद्रास्फीति पर रणनीति तैयार करेंगे।

———साउंड बाईट———

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को एकमात्र समाधान बताते हुए भारत के रुख को दोहराया।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने देश में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए एक नया आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं तक पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने से उन क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता बढ़ेगी, जहां पाइपलाइन सुविधा नहीं है।यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त सभी सार्वजनिक संस्थाओं, हाउसिंग सोसायटी और अधिकृत संस्थाओं पर लागू होगा।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है और एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा दिया गया है। साथ ही सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव

सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने का आग्रह किया।

–––साउंड बाईट–––

सभी लोगों से निवेदन करूंगी कि अफवाहों पर विश्वास ना करें। सफिशिएंट स्टॉक अवेलेबल है। पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। एलपीजी सिलेंडर भी सभी घरेलू उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। पीएनजी की सप्लाई डॉमेस्टिक कंज्यूमर्स के लिए 100 परसेंट है विदाउट एनी कट।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने सभी तेल कंपनियों और जिला प्रशासन को जल्द–से–जल्द लंबित घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर कराने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि ग्रामीण इलाक़ों के घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए अब एक सिलेंडर प्राप्त करने के बाद अगले सिलेंडर की बुकिंग के लिए पच्चीस दिनों का अनिवार्य अंतराल निर्धारित किया गया है, जो पहले पैंतालीस दिन था।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पन्द्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर बिहार को दूसरी किस्त के रूप में एक हजार दो सौ तीन करोड़ रूपये की राशि जारी की है। यह राशि ग्रामीण और स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने के लिए के अनुदान के रूप में दी गयी है। इसके साथ ही पहली किस्त के रोके गये हिस्से से दो करोड़ रूपये से अधिक की अतिरिक्त राशि भी जारी की गयी है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज बक्सर और भोजपुर जिले का दौरा करेंगे। श्री कुमार बक्सर जिले में चार सौ छियासी करोड़ रूपये लागत वाली तेईस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे एक सौ छह करोड़ रूपये की लागत से इकतालीस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वहीं, भोजपुर में मुख्यमंत्री दो सौ उनहत्तर करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ सत्ताईस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ संतानवे करोड़ रूपये लागत वाली चार सौ चौरानवे योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार दोनों जिले में चल रही विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही उनका जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों को आज शाम पांच बजे तक हर हाल में अपने पद पर योगदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसा नहीं करने वालों

पर सख्त कार्रवाई होगी। इसमें वेतन कटौती, सेवा में टूट से लेकर अनुशासनिक कार्रवाई भी शामिल है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

नगर विकास विभाग ने एक साल के भीतर सभी जिला मुख्यालयों सहित कुल तैंतालीस शहरों में मास्टर प्लान लागू करने का निर्णय लिया है। मास्टर प्लान के अनुसार ही निर्माण की अनुमति दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान लागू होने से आधारभूत संरचना, यातायात, जल निकासी और आवासीय विकास को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

————————————————————————————

प्रदेश में पहली बार मसूर की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी। कृषि मंत्रालय ने रबी विपणन वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए बत्तीस हजार मीट्रिक टन मसूर खरीद के लक्ष्य को स्वीकृति दी है। इस वर्ष मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य सात हजार रुपये प्रति क्विंटल है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मसूर की खरीद राज्य सरकार द्वारा तय तिथि से प्रारंभ होगी। खरीद अवधि साठ दिनों तक चलेगी। श्री यादव ने बताया कि खरीद के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा।

————————————————————————————

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ सम्पन्न हो गया। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

श्रद्धा, आस्था और उत्साह के माहौल में सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ सम्पन्न हो गया। आज तड़के से ही गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू और महानंदा सहित अन्य नदी घाटों पर अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों ने अपने घरों की छतों पर भी अस्थाई तालाब का निर्माण कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। भगवान भास्कर की पूजा–अर्चना के लिए राज्य के प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में पूजा के लिए बड़ी संख्या में छठव्रती और श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर नवादा के हड़िया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय, नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगारी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर, पटना के बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर और दुल्हिन बाजार के उलार स्थित सूर्य मंदिर में हजारों की संख्या में छठ व्रती और श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। समाचार कक्ष से... सविता पारीक।

————————————————————————————

राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से दिन में सस्ती और शाम में महंगी बिजली मिलेगी। बिजली कंपनी की याचिका पर बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने टाइम ऑफ डे टैरिफ को मंजूरी दे दी है। इसके अनुसार रात के ग्यारह बजे से सुबह नौ बजे तक बिजली खपत पर कंपनी की ओर से निर्धारित दर के

अनुसार ही बिजली बिल देना होगा। वहीं, सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली खपत करने पर लोगों को मात्र अस्सी फीसदी ही पैसा देना होगा। जबकि शाम पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक अगर सौ रुपए की बिजली खपत करेंगे तो एक सौ बीस रुपए देने होंगे। इस फैसले से सतासी लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। स्मार्ट मीटर नहीं होने की स्थिति में जिन उपभोक्ताओं का लोड दस किलोवाट से अधिक होगा, उनके लिए भी यह व्यवस्था रहेगी। पिछले वर्ष केवल औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था थी।

————————————————————————

पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय से प्रधानखांटा वाया गया रेलखंड पर आज ट्रायल के दौरान एक सौ अस्सी किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन दौड़ेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने रेलखंड पर स्पीड ट्रायल को देखते हुए लोगों से दिनभर पटरी से पर्याप्त सुरक्षात्मक दूरी बनाए रखने और मवेशियों को रेललाइन से दूर रखने की अपील की है।

————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में आज से बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट' की शुरूआत हो रही है। इस प्रतियोगिता में देश–विदेश के छह सौ पचास से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयुवर्ग के साथ–साथ ओपन वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में भारत के साथ–साथ रूस, नेपाल और जिम्बाब्वे के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता उनतीस मार्च तक चलेगी।

रांची के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम, खेलगांव में चल रही अट्ठाईसवीं राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिहार के बालक वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

————————————————————————

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का खुलासा किया है। टीम ने दरभंगा सदर थाना क्षेत्र और दानापुर के शाहपुर इलाके में छापेमारी कर लगभग नब्बे लाख रूपये की हेरोइन जब्त की है। दरभंगा से तीन तथा दानापुर के शाहपुर थाने के मठियापुर से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————

भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निबंधन कार्यालय के पास भूमि विवाद को लेकर फायरिंग हुई। इस घटना में जमीन कारोबारी और उसके

भाई समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली और कौआकोल में हाथियों एक झुंड ने इलाके के कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है। नवादा और जमुई वन विभाग की टीम हाथियों को सुरक्षित जंगल पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के हवाले से लिखा है– हिन्दू, सिख, बौद्ध के अलावा दूसरा धर्म अपनाया तो एससी दर्जा खत्म।

दैनिक जागरण लिखता है– नीतीश कुमार चौथी बार बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

प्रभात खबर ने लिखा है– डबल कनेक्शन रखने वालों को पैंतीस दिन के बाद ही होगी गैस बुकिंग।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बंद पड़ी चीनी मिलों को जल्द चालू किया जायेगा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– दिल्ली एम्स में हरीश का निधन, कोर्ट ने दी थी इच्छा मृत्यु की अनुमति।

आज अखबार के शब्द हैं– देश के किसी भी स्टेशन से रद्द किये जायेंगे काउंटर टिकट।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दूरगामी प्रभावों से निपटने के लिए सात सशक्त समूहों के गठन की घोषणा की।

02 राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले सतासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से दिन में सस्ती और शाम में महंगी बिजली मिलेगी।

03. राज्य सरकार ने हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों को आज शाम पांच बजे तक हर हाल में योगदान देने का दिया निर्देश।

04. और, प्रदेश में पहली बार मसूर की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी। सात हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।